ENERGY FOR EVER
इरेडा
IREDA
ONCE IREDA ALWAYS IREDA
(A Navratna CPSE)

प्रेस विज्ञप्ति

दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम: इरेडा के ऋण संवितरण में 31% की वृद्धि और परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर 2026

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज 30 सितंबर 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अपने लेखापरीक्षित एकल और समेकित वित्तीय परिणाम घोषित किए, जो कई वित्तीय संकेतकों में महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाते हैं।

ये परिणाम आज नई दिल्ली स्थित इरेडा के पंजीकृत कार्यालय में हुई बोर्ड की बैठक में अनुमोदित किए गए।

मुख्य वित्तीय हाइलाइट्स: दूसरी तिमाही, वित्त वर्ष 2026-27 बनाम दूसरी तिमाही, वित्त वर्ष 2025-26 (एकल):

- **ऋण संवितरण:** ₹10,579 करोड़ बनाम ₹8,062 करोड़ (↑ 31%)
- **ऋण पुस्तिका:** ₹97,411 करोड़ बनाम ₹84,477 करोड़ (↑ 15%)
- **परिचालन से राजस्व:** ₹2,345 करोड़ बनाम ₹2,057 करोड़ (↑ 14%)
- **निवल मूल्य:** ₹14,337 करोड़ बनाम ₹12,920 करोड़ (↑ 11%)
- **कर पश्चात लाभ:** ₹554 करोड़ बनाम ₹549 करोड़ (↑ 1%)
- **शुद्ध एनपीए:** 1.08% बनाम 1.97% (45% सुधार)

कार्यनिष्पादन पर टिप्पणी करते हुए, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. बिजय कुमार महान्ती ने कहा कि "वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही का कार्यनिष्पादन इरेडा की मजबूत व्यावसायिक आधार और गुणवत्तापूर्ण वृद्धि के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। ऋण संवितरण में 31 प्रतिशत और ऋण पुस्तिका में 15 प्रतिशत की वृद्धि देश में नवीकरणीय ऊर्जा वित्त पोषण की निरंतर मांग को रेखांकित करती है। इतना ही महत्वपूर्ण हमारी परिसंपत्ति गुणवत्ता में हुई भारी सुधार भी है, जहाँ नेट एनपीए 1.97% से घटकर 1.08% हो गए हैं, जो हमारे जोखिम प्रबंधन ढाँचे और निगरानी की दृढ़ता को प्रदर्शित करता है।

डॉ. महान्ती ने टीम इरेडा के समर्पित प्रयासों की भी सराहना की और निरंतर मार्गदर्शन तथा सहयोग के लिए माननीय केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, माननीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री, सचिव (एमएनआरई) और निदेशक मंडल का उनके निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।